नीमकाथाना में 33 केवी के तीन सब स्टेशनों को स्वीकृति

चर्चा में क्यों?

2 मार्च, 2023 को राजस्थान के ऊर्जा राज्यमंत्री भँवरसिंह भाटी ने बताया कि प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र नीमकाथाना में 33/11 केवी के तीन सब स्टेशनों को स्थापित करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

प्रमुख बिंदु

- ऊर्जा राज्यमंत्री भँवरसिंह भाटी ने बताया कि नीमकाथाना में 33/11 केवी जीएसएस डाबर का निर्माण इसी माह तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है तथा इसी विधानसभा क्षेत्र में 33/11 केवी सब स्टेशन मंडोली व कोला की नांगल का निर्माण आगामी वर्ष में किया जाना प्रस्तावित है।
- उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र नीमकाथाना में नये 33/11 केवी सब स्टेशन के तीन प्रस्ताव डाबर, मंडोली एवं कोला की नांगल के प्राप्त हुए थे। इनमें से डाबर की स्वीकृति 16 मार्च, 2022 को तथा मंडोली एवं कोला की नांगल की स्वीकृति 25 फरवरी, 2023 को जारी की जा चुकी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/approval-of-three-33-kv-substations-in-neemkathana